अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक एवं सीरीज की प्रविष्टि सावधानीपूर्वक करें ।

प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक

परीक्षा का वर्ष : 2023

# VPD

प्रश्न-पुस्तिका

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें

शब्दों में

प्रश्न-पुस्तिका सीरीज

**A**

# सामान्य ज्ञान/सामान्य अध्ययन और सामान्य हिन्दी

## General Knowledge/General Studies and General Hindi

समय : 2:00 घंटे
पूर्णांक : 100

Time : 2:00 Hours
Maximum Marks : 100

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

## महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें ।
2. **यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।**
3. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।**
4. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय-कोड, प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज का अंकन OMR Sheet में निर्दिष्ट कॉलम में सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा ।**
5. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का ही केवल उपयोग करें । अलग से इस हेतु वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी । अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका के अंदर रफ कार्य के अतिरिक्त कुछ भी न लिखें ।**
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में **100 प्रश्न** हैं, जिसमें खण्ड-**1** (सामान्य ज्ञान/सामान्य अध्ययन) में **75** प्रश्न एवं खण्ड-**2** (सामान्य हिन्दी) में **25** प्रश्न दिये गये हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर, प्रश्न के नीचे (a), (b), (c) एवं (d) दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर.आंसर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
7. प्रश्न-पुस्तिका में अंकित सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
8. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु दिए गए गलत उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का **एक-चौथाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
9. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । **आपके द्वारा सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर ही दिया जाना अनिवार्य है ।** ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
10. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाओं को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व भरा जाना अनिवार्य है ।
11. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक तीन प्रतियों (मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति) में है । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की मूल प्रति एवं कार्यालय प्रति अन्तरीक्षक (Invigilator) को वापस लौटा दें, अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की अभ्यर्थी प्रति, अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
13. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अंकित सीरीज कोड के आधार पर ही किया जायेगा ।
14. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) प्राप्त करने के पश्चात् ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C & D) की प्रविष्टि सावधानीपूर्वक करें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक कहा न जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

महत्त्वपूर्ण : **प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका सीलबंद न हो अथवा कोई अन्य कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

## PART – 1
## General Knowledge / General Studies

**1.** In Windows OS, in order to permanently delete a file from the computer, which of the following keys should be pressed ?
(a) Ctrl + Delete (b) Alt + Delete (c) Delete + Delete (d) Shift + Delete

**2.** Which of the following king was called 'Shakari' ?
(a) Samudragupta (b) Chandragupta Vikramaditya
(c) Chandragupta Maurya (d) Kanishka

**3.** The unassigned jagir lands managed temporarily by the Diwan-i-Khalisa was known as :
(a) Peshkash (b) Paibaqi (c) Madad-e-Mash (d) Ghurab

**4.** The 'Sunset' law was associated with which of the following land revenue system ?
(a) Ryotwari settlement (b) Mahalwari settlement
(c) Ijaradari system (d) Permanent settlement

**5.** Who gave the slogan "One Religion, One Caste, One God for mankind" ?
(a) Narayan Guru (b) Jyotiba Phule
(c) Subhash Chandra Bose (d) Mohandas Karamchand Gandhi

**6.** The Marathas learnt the art of guerilla warfare from :
(a) Mahabat Khan (b) Man Singh
(c) Malik Amber (d) None of the above

**7.** In the context of Indian freedom movement Komagata Maru was a :
(a) Japanese ship (b) Secret revolutionary society
(c) Banned political organisation (d) Newspaper

**8.** Who was credited for taking the first important step towards financial decentralization in India ?
(a) Lord Irwin (b) William Bentinck (c) Lord Cornwallis (d) Lord Mayo

**9.** Which one of the following fundamental rights is available to any person on the soil of India - citizen or foreigner ?
(a) Protection from discrimination on grounds only of religion, race, caste, sex or place of birth
(b) Equality of opportunity in matters of public employment
(c) Cultural and educational rights of minorities
(d) Right against exploitation

**10.** When was NITI Aayog established ?
(a) 2015 (b) 2016 (c) 2017 (d) 2018

**11.** In India, who is the guardian of public purse ?
(a) Indian Parliament
(b) The President of India
(c) Comptroller and Auditor General of India
(d) Supreme Court of India

**12.** How many members are required to call a special meeting of the Zila Parishad ?
(a) 1/2 of the total members (b) 1/3 of the total members
(c) 1/4 of the total members (d) 1/5 of the total members

**13.** A computer having a memory capacity of 256 M Bytes can store _____ bytes at maximum.
(a) $256 \times 1024 \times 1024$ (b) $256 \times 10^6 \times 8$
(c) $8 \times 256 \times 256$ (d) $1024 \times 256$

## खण्ड – 1

## सामान्य ज्ञान / सामान्य अध्ययन

**1.** विंडोज़ ऑपरेटिंग सिस्टम में कंप्यूटर से किसी फाइल को स्थायी रूप से हटाने के लिए निम्न में से कौन सी कुंजी दबानी चाहिए ?

(a) Ctrl + Delete (b) Alt + Delete
(c) Delete + Delete (d) Shift + Delete

**2.** निम्नलिखित में से किस शासक को 'शकारी' कहा जाता था ?

(a) समुद्रगुप्त (b) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य (c) चन्द्रगुप्त मौर्य (d) कनिष्क

**3.** दीवाने ख़ालिसा द्वारा अस्थायी रूप से प्रशासित जागीर भूमि को क्या कहा जाता था ?

(a) पेशकश (b) पाएबाक़ी (c) मदद-ए-माश (d) गुराब

**4.** 'सूर्यअस्त' नियम किस भूमि राजस्व व्यवस्था से संबन्धित था ?

(a) रैयतवारी व्यवस्था (b) महलवारी व्यवस्था (c) इजारादारी व्यवस्था (d) स्थायी व्यवस्था

**5.** "एक धर्म, एक जाति, मानवता का एक ईश्वर" का नारा किसने दिया ?

(a) नारायण गुरु (b) ज्योतिबा फूले (c) सुभाषचन्द्र बोस (d) मोहनदास करमचंद गांधी

**6.** मराठों ने गुरिल्ला रणनीति किससे सीखी ?

(a) महाबत खाँ (b) मानसिंह (c) मलिक अम्बर (d) उपरोक्त कोई भी नहीं

**7.** भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के संदर्भ में <u>कोमागाता मारू</u> क्या था ?

(a) जापानी जहाज़ (b) गुप्त क्रांतिकारी समूह
(c) प्रतिबंधित राजनीतिक संगठन (d) समाचार-पत्र

**8.** भारत में वित्तीय विकेन्द्रीकरण की दिशा में सर्वप्रथम महत्त्वपूर्ण कदम उठाने का श्रेय किसको जाता है ?

(a) लॉर्ड इरविन (b) विलियम बैंटिंक (c) लॉर्ड कार्नवालिस (d) लॉर्ड मेयो

**9.** निम्न में से कौन सा एक मौलिक अधिकार भारत की भूमि पर सभी व्यक्तियों के लिए चाहे नागरिक हो या विदेशी, उपलब्ध है ?

(a) केवल धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्म-स्थान के आधार पर भेदभाव से रक्षा
(b) लोक नियोजन के विषय में अवसर की समानता
(c) अल्पसंख्यकों के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक अधिकार
(d) शोषण के विरुद्ध अधिकार

**10.** नीति आयोग का गठन कब हुआ ?

(a) 2015 (b) 2016 (c) 2017 (d) 2018

**11.** भारत में जनता के धन का संरक्षक कौन है ?

(a) भारतीय संसद (b) भारत के राष्ट्रपति
(c) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (d) भारत का उच्चतम न्यायालय

**12.** जिला परिषद की विशेष बैठक बुलाने के लिए कितने सदस्यों की आवश्यकता होती है ?

(a) कुल सदस्यों के 1/2 (b) कुल सदस्यों के 1/3
(c) कुल सदस्यों के 1/4 (d) कुल सदस्यों के 1/5

**13.** एक कंप्यूटर जिसकी मेमोरी क्षमता 256 M Bytes है, वो अधिकतम _______ bytes को स्टोर कर सकता है ।

(a) $256 \times 1024 \times 1024$ (b) $256 \times 10^6 \times 8$
(c) $8 \times 256 \times 256$ (d) $1024 \times 256$

**14.** In which year the Supreme Court of India passed the Judgement for treating Transgenders as ‘Third Gender’ ?
(a) 2012 (b) 2014 (c) 2016 (d) 2019

**15.** Which of the following states has lowest Christians population according to 2011 census ?
(a) Rajasthan (b) Madhya Pradesh (c) Bihar (d) Himachal Pradesh

**16.** Which of the following passes of Siachin Glacier is not in India ?
(a) Gyongla (b) Gasherbrum (c) Saltoro (d) Vilafondala

**17.** India invokes the “Thalweg principle” regarding which of the following ?
(a) Kari Creek (b) Kajhar Creek (c) Sir Creek (d) Sir Davis

**18.** Which one of the following is the best quality of iron ore ?
(a) Siderite (b) Limonite (c) Magnetite (d) Hematite

**19.** Which one of the following states has maximum percentage of Scheduled Caste population as per 2011 census ?
(a) Haryana (b) Uttar Pradesh (c) West Bengal (d) Himachal Pradesh

**20.** Rajiv Gandhi National Ground Water Training and Research Institute is located at :
(a) Bhopal (b) Lucknow (c) Raipur (d) Dehradun

**21.** Silurian rocks are related to which of the following rock systems ?
(a) The Dravidian Rock System (b) The Purana Rock System
(c) The Aryan Rock System (d) The Archaean Rock System

**22.** Which of the following is not among the seven priorities named as ‘Saptarishis’ in the Union Budget of India 2023-24 ?
(a) Reaching the last mile (b) Green Growth
(c) Youth Power (d) Women Empowerment

**23.** To help earthquake hit Turkey, which of the following operations is launched by India ?
(a) Operation Sahyog (b) Operation Hope
(c) Operation Dost (d) Operation Rahat

**24.** The first bilateral air exercise, ‘Veer Guardian 23’ is the joint venture of which of the following countries ?
(a) India and Indonesia (b) India and Japan
(c) India and Nepal (d) India and Bangladesh

**25.** What is the name of Artificial Intelligence (AI) service launched by Google ?
(a) Chat GPT (b) Bard (c) Meta (d) MAI

**26.** In which of the following states of India, ‘Khelo India Winter Games’ were held in February 2023 ?
(a) Haryana (b) Jammu and Kashmir
(c) Assam (d) Gujarat

**27.** Article 1 of the Constitution declares India a/an ________.
(a) Union of States (b) Federal State
(c) Co-operative State (d) Independent State

**14.** किस वर्ष भारत के उच्चतम न्यायालय ने ट्रांसजेन्डर को तीसरे लिंग के रूप में मानने के लिए निर्णय पारित किया है ?
(a) 2012 (b) 2014 (c) 2016 (d) 2019

**15.** जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार, निम्नलिखित राज्यों में से किसमें ईसाइयों की जनसंख्या सबसे कम है ?
(a) राजस्थान (b) मध्य प्रदेश (c) बिहार (d) हिमाचल प्रदेश

**16.** सियाचिन हिमनद के निम्नलिखित दर्रों में से कौन सा भारत में नहीं है ?
(a) ग्योंगला (b) गैशरब्रम (c) साल्टोरो (d) विलाफोण्डाला

**17.** निम्नलिखित में से किसके सन्दर्भ में भारत ने "थालवेग सिद्धान्त" का आह्वान किया ?
(a) करी क्रीक (b) कझार क्रीक (c) सर क्रीक (d) सर डेविस

**18.** निम्नलिखित में से कौन एक उत्तम प्रकार का लौह अयस्क है ?
(a) सिडेराइट (b) लाइमोनाइट (c) मैग्नेटाइट (d) हेमाटाइट

**19.** जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार, निम्नलिखित राज्यों में से किस एक में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का सबसे अधिक प्रतिशत है ?
(a) हरियाणा (b) उत्तर प्रदेश (c) पश्चिम बंगाल (d) हिमाचल प्रदेश

**20.** राजीव गाँधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान स्थित है :
(a) भोपाल में (b) लखनऊ में (c) रायपुर में (d) देहरादून में

**21.** सिल्यूरियन शैल निम्नलिखित शैल तंत्रों/क्रमों में से किससे संबन्धित है ?
(a) द्रविडियन शैल तंत्र (b) पुराना शैल तंत्र
(c) आर्यन शैल तंत्र (d) आर्कियन शैल तंत्र

**22.** निम्न में से क्या, भारतीय संघीय बजट 2023–24 की सात प्राथमिकताओं, जिन्हें 'सप्तऋषि' का नाम दिया गया है, में नहीं है ?
(a) आखिरी पायदान तक पहुँचना (b) हरित विकास
(c) युवा शक्ति (d) महिला सशक्तिकरण

**23.** भूकम्प से प्रभावित तुर्की की मदद के लिए भारत ने निम्न में से कौन सा ऑपरेशन शुरू किया है ?
(a) ऑपरेशन सहयोग (b) ऑपरेशन होप (c) ऑपरेशन दोस्त (d) ऑपरेशन राहत

**24.** पहला द्विपक्षीय हवाई अभ्यास 'वीर गार्जियन 23' निम्नलिखित में से किन देशों का संयुक्त उद्यम है ?
(a) भारत और इंडोनेशिया (b) भारत और जापान
(c) भारत और नेपाल (d) भारत और बांग्लादेश

**25.** गूगल द्वारा शुरू की गई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सर्विस का क्या नाम है ?
(a) चैट जी पी टी (b) बार्ड (c) मेटा (d) एम ए आई

**26.** भारत के निम्न में से किस राज्य में फरवरी 2023 में 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' का आयोजन किया गया ?
(a) हरियाणा (b) जम्मू व कश्मीर (c) असम (d) गुजरात

**27.** संविधान का अनुच्छेद 1 भारत को घोषित करता है ________
(a) राज्यों का संघ (b) संघीय राज्य (c) सहकारी राज्य (d) स्वतन्त्र राज्य

**28.** Which of the following states hosted India's first Rural Science Congress held in February 2023 ?
(a) Andhra Pradesh (b) Kerala (c) Maharashtra (d) Uttarakhand

**29.** What was 'Dastoor' under the Chand administration ?
(a) Land revenue (b) Judicial fee (c) Customary fee (d) None of the above

**30.** Taleshwar copper plate belongs to which of the following king of Uttarakhand ?
(a) Dyutivarman (b) Vishnuvarman I (c) Varishavarman (d) Agnivarman

**31.** Which of the following dynasty of Uttarakhand is mentioned by Hieun Tsang ?
(a) Katyuri (b) Paurav (c) Chand (d) Parmar

**32.** Rani Karnawati was the regent of whom among the following Parmar Ruler ?
(a) Mahipat Shah (b) Fateh Shah (c) Maan Shah (d) Prithvi Shah

**33.** Kashipur was earlier known as :
(a) Kartikeypur (b) Govishan (c) Katarmal (d) Lakhanpur

**34.** Who was the first political leader of Uttarakhand to be jailed during the Non-Cooperation Movement ?
(a) Mohan Singh Mehta (b) Badri Dutt Pandey
(c) Govind Ballabh Pant (d) Anusuya Prasad Bahuguna

**35.** 'Hardoodha' is associated with :
(a) Goddess Durga (b) Lord Krishna (c) Naag Devta (d) All of the above

**36.** Chhapeli is a form of
(a) Song (b) Dance (c) Ornament (d) Animal

**37.** In Uttarakhand the duty of a 'KAMIN' was to :
(a) Collect revenue in certain villages (b) Manage water supply
(c) Collect food from forests (d) Arrange marriages

**38.** 'Hill-Jatra' was introduced by :
(a) Gurkhas (b) Britishers (c) Muslim rulers (d) King of Tehri

**39.** Which one of the following fairs is related to fish catching ?
(a) Gaucher Fair (b) Devidhura Fair (c) Maun Fair (d) Magh Fair

**40.** Bhadraj is the Folk-god of
(a) Jaunsar Bawar (b) Niti Valley
(c) Kali Kumaun (d) Rath area of Garhwal

**41.** Which one of the following Peaks is not situated in Uttarakhand ?
(a) Nandakot (b) Chaukhamba (c) Kula kangri (d) Dunagiri

**42.** The 'Naula' (naturally occurring water aquifer) which has been recently declared as a protected monument of national importance by Indian Government is located at which of the following places in Uttarakhand ?
(a) Kalap (b) Singhdhar (c) Syunrakot (d) Khirsu

**28.** निम्न में से किस राज्य ने फरवरी 2023 में हुई भारत की पहली ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी की ?
(a) आंध्र प्रदेश (b) केरल (c) महाराष्ट्र (d) उत्तराखंड

**29.** चन्द प्रशासन के अन्तर्गत 'दस्तूर' क्या था ?
(a) भू–राजस्व (b) न्यायिक शुल्क (c) नज़राना (d) उपरोक्त कोई नहीं

**30.** तालेश्वर ताम्रपत्र निम्नलिखित में से उत्तराखण्ड के किस राजा से सम्बन्धित है ?
(a) द्युतिवर्मन (b) विष्णुवर्मन-I (c) वरिशावर्मन (d) अग्निवर्मन

**31.** निम्नलिखित में से उत्तराखण्ड के किस राजवंश का वर्णन ह्वेनसांग करता है ?
(a) कत्यूरी (b) पौरव (c) चन्द (d) परमार

**32.** रानी कर्णावती निम्नलिखित में से किस परमार शासक की संरक्षिका थीं ?
(a) महिपत शाह (b) फतेह शाह (c) मान शाह (d) पृथ्वी शाह

**33.** काशीपुर पहले किस नाम से जाना जाता था ?
(a) कार्तिकेयपुर (b) गोविषाण (c) कटारमल (d) लखनपुर

**34.** उत्तराखण्ड का वह प्रथम राजनेता कौन था जिसे असहयोग आन्दोलन के दौरान जेल भेजा गया था ?
(a) मोहन सिंह मेहता (b) बद्रीदत्त पाण्डे (c) गोविन्द बल्लभ पंत (d) अनुसुया प्रसाद बहुगुणा

**35.** 'हारदूधा' सम्बन्धित है :
(a) भगवती दुर्गा से (b) भगवान श्रीकृष्ण से (c) नागदेवता से (d) उपरोक्त सभी से

**36.** 'छपेली' एक रूप है :
(a) गाने का (b) नृत्य का (c) आभूषण का (d) पशु का

**37.** उत्तराखण्ड में 'कमीण' का कार्य होता था :
(a) निश्चित गाँवों से राजस्व एकत्र करना (b) जलापूर्ति प्रबन्धन करना
(c) वनों से भोजन एकत्रित करना (d) विवाहों की व्यवस्था करना

**38.** 'हिलजात्रा' प्रारम्भ की गई थी :
(a) गोरखों द्वारा (b) अंग्रेजों द्वारा (c) मुस्लिम शासकों द्वारा (d) टिहरी नरेश द्वारा

**39.** निम्न में से कौन सा मेला 'मछली पकड़ने' से सम्बन्धित है ?
(a) गौचर मेला (b) देवीधुरा मेला (c) मौण मेला (d) माघ मेला

**40.** भदराज एक लोकदेवता हैं :
(a) जौनसार बावर के (b) नीति घाटी के (c) काली कुमाऊँ के (d) गढ़वाल के 'राठ' क्षेत्र के

**41.** निम्नलिखित शिखरों में से कौन सा एक उत्तराखण्ड में स्थित नहीं है ?
(a) नन्दाकोट (b) चौखम्बा (c) कुला कांगड़ी (d) दुनागिरि

**42.** नौला (स्वाभाविक रूप से होने वाला जलभृत) जिसे हाल ही में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय महत्व के संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित किया गया है, उत्तराखंड में निम्न में से किस स्थान पर स्थित है ?
(a) कलाप (b) सिंहधर (c) स्यूनराकोट (d) खिर्सू

**43.** Jamrani Dam is situated in which of the following districts ?
(a) Pithoragarh (b) Dehradun
(c) Udhamsingh Nagar (d) Nainital

**44.** Which of the following lakes is not situated in District Chamoli ?
(a) Chakni Tal (b) Ling Tal (c) Tarak Tal (d) Gohna Tal

**45.** Which of the following districts has lowest literacy rate as per 2011 census ?
(a) Tehri Garhwal (b) Pauri Garhwal
(c) Chamoli (d) Udhamsingh Nagar

**46.** According to the census of 2011, what is the correct descending order of following districts of Uttarakhand on the basis of female literacy rate ?
(a) Udhamsingh Nagar, Pithoragarh, Rudraprayag
(b) Pithoragarh, Rudraprayag, Udhamsingh Nagar
(c) Udhamsingh Nagar, Rudraprayag, Pithoragarh
(d) Rudraprayag, Udhamsingh Nagar, Pithoragarh

**47.** Which one of the following rivers is not a left bank tributary of river Alakananda ?
(a) Nandakini (b) Dhauliganga (c) Mandakini (d) Pindari

**48.** Which one of the following tribes is inhabited in between the Yamuna and Tons river ?
(a) Jaunsar Bawar (b) Tharu (c) Raji (d) Bhotia

**49.** According to Economic Survey 2021-22, the unemployment rate (15 years and above) in Uttarakhand in 2019-20 was ________.
(a) 6.1 percent (b) 6.6 percent
(c) 7.1 percent (d) 8.2 percent

**50.** In Uttarakhand State's Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) Policy 2015, what is the maximum limit of capital subsidy provided to women entrepreneurs ?
(a) ₹ 12.5 lakhs (b) ₹ 20 lakhs (c) ₹ 25 lakhs (d) ₹ 32 lakhs

**51.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| **List – I (National Park/Wild Life Sanctuary)** | | **List – II (Location/District)** | |
|---|---|---|---|
| A. | Govind National Park | 1. | Almora |
| B. | Askot Wild Life Sanctuary | 2. | Pauri |
| C. | Binsar Wild Life Sanctuary | 3. | Uttarkashi |
| D. | Sona River Wild Life Sanctuary | 4. | Pithoragarh |

**Code :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**43.** जमरानी बाँध निम्नलिखित में से किस जनपद में स्थित है ?

(a) पिथौरागढ़ (b) देहरादून (c) उधमसिंह नगर (d) नैनीताल

**44.** निम्नलिखित झीलों में से कौन चमोली जनपद में स्थित <u>नहीं</u> है ?

(a) चकनी ताल (b) लिंग ताल (c) तारक ताल (d) गोहना ताल

**45.** निम्नलिखित में से किस जिले की साक्षरता दर 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे कम है ?

(a) टिहरी गढ़वाल (b) पौड़ी गढ़वाल (c) चमोली (d) उधमसिंह नगर

**46.** जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार, उत्तराखण्ड में महिला साक्षरता दर के आधार पर निम्नलिखित जनपदों का सही अवरोही क्रम क्या है ?

(a) उधमसिंह नगर, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग (b) पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, उधमसिंह नगर

(c) उधमसिंह नगर, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ (d) रुद्रप्रयाग, उधमसिंह नगर, पिथौरागढ़

**47.** निम्नलिखित नदियों में से कौन एक अलकनन्दा नदी की बायीं ओर से मिलने वाली सहायक नदी <u>नहीं</u> है ?

(a) नन्दाकिनी (b) धौलीगंगा (c) मन्दाकिनी (d) पिन्डरी

**48.** निम्नलिखित जनजातियों में से कौन एक यमुना एवं टोंस नदियों के मध्य में निवास करती है ?

(a) जौनसार बावर (b) थारू (c) राजी (d) भोटिया

**49.** आर्थिक सर्वेक्षण 2021–22 के अनुसार, 2019–20 में उत्तराखण्ड में बेरोजगारी दर (15 वर्ष और उससे अधिक) थी

(a) 6.1 प्रतिशत (b) 6.6 प्रतिशत (c) 7.1 प्रतिशत (d) 8.2 प्रतिशत

**50.** उत्तराखण्ड राज्य की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग नीति 2015 में, महिला उद्यमियों को दी जाने वाली पूँजी अनुदान (सब्सिडी) की अधिकतम सीमा क्या है ?

(a) ₹ 12.5 लाख (b) ₹ 20 लाख (c) ₹ 25 लाख (d) ₹ 32 लाख

**51.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर को चुनिए :

| | **सूची – I (राष्ट्रीय उद्यान/वन्य जीव अभयारण्य)** | | **सूची – II (अवस्थिति/जनपद)** |
|---|---|---|---|
| A. | गोविन्द राष्ट्रीय उद्यान | 1. | अल्मोड़ा |
| B. | अस्कोट वन्य जीव अभयारण्य | 2. | पौड़ी |
| C. | बिनसर वन्य जीव अभयारण्य | 3. | उत्तरकाशी |
| D. | सोना नदी वन्य जीव अभयारण्य | 4. | पिथौरागढ़ |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**52.** As per Economic Survey 2021-22, the Average Monthly Per Capita Expenditure of rural area in 2011-12 of Uttarakhand was ______.

(a) ₹ 1520 (b) ₹ 1726 (c) ₹ 1850 (d) ₹ 1975

**53.** When was Veer Chandra Singh Garhwali Tourism Self-Employment Scheme (Yojana) introduced in Uttarakhand ?

(a) May, 2001 (b) August, 2001 (c) June, 2002 (d) June, 2006

**54.** The contribution of tertiary sector in Uttarakhand economy on current prices in the year 2021-22 is ______ %.

(a) 42.92 (b) 12.11 (c) 44.98 (d) 55.52

**55.** In which year was 'Samagra Siksha Abhiyan Yojana' started ?

(a) 2015-16 (b) 2017-18 (c) 2018-19 (d) 2020-21

**56.** Which of the following terms comes next in the series :

YEB, WFD, UHG, SKI, ?

(a) QOL (b) QGL (c) TOL (d) QNL

**57.** Consider the following statements :
There are six villages A, B, C, D, E and F. F is 1 km. to the West of D. B is 1 km. to the East of E. A is 2 km. to the North of E. C is 1 km. to the East of A. D is 1 km. to the South of A. Which three villages are in a line ?

(a) A, D, E (b) A, B, C (c) B, D, E (d) B, C, F

**58.** A shopkeeper increases by 20% the actual cost of ₹ 975 of a shirt and then sells it by giving 12% rebate on it while sells a pant of actual cost ₹ 1,200 by taking 10% profit on it. What is the total profit to the shopkeeper on both the items ?

(a) ₹ 164.00 (b) ₹ 174.60 (c) ₹ 150.00 (d) ₹ 180.60

**59.** The average temperature of a town in the first four days of March month was 27° centigrade. The average temperature for its second, third, fourth and fifth days was 30° centigrade. If the temperatures for the first and fifth days were in the ratio 3 : 4 then the average temperature (in degree centigrade) of the second, third and fourth days of this month was the following :

(a) 32 (b) 28 (c) 26 (d) 24

**60.** A newspaper agent sells equal number of three different newspapers P, Q and R to 327 persons. 7 persons get Q and R, 9 get P and Q, 12 get P and R. 3 persons get all the three newspapers. How many persons get exactly one type newspaper ?

(a) 109 (b) 262 (c) 280 (d) 302

**61.** In a camp of persons there was a provision of food for 42 days. After 10 days the number of persons increased by 300 as a result of which the food lasted only 24 days. What was the number of persons in the camp, originally ?

(a) 100 (b) 375 (c) 900 (d) 500

**62.** What was the rank of Uttarakhand State in the Multi-Dimensional Poverty Index 2021 of India in 2020-21 ?

(a) 3 (b) 5 (c) 15 (d) 26

**52.** आर्थिक सर्वेक्षण 2021–22 के अनुसार, उत्तराखण्ड में 2011–12 में ग्रामीण क्षेत्र का औसत मासिक प्रति व्यक्ति व्यय था

(a) ₹ 1520 (b) ₹ 1726 (c) ₹ 1850 (d) ₹ 1975

**53.** उत्तराखण्ड में वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना कब प्रारम्भ की गयी ?

(a) मई, 2001 (b) अगस्त, 2001 (c) जून, 2002 (d) जून, 2006

**54.** उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था में वर्ष 2021–22 में तृतीयक क्षेत्र का योगदान प्रचलित कीमतों पर ____ % है ।

(a) 42.92 (b) 12.11 (c) 44.98 (d) 55.52

**55.** 'समग्र शिक्षा अभियान योजना' किस वर्ष प्रारम्भ की गयी ?

(a) 2015–16 (b) 2017–18 (c) 2018–19 (d) 2020–21

**56.** श्रेणी : YEB, WFD, UHG, SKI, ? में अगला पद निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(a) QOL (b) QGL (c) TOL (d) QNL

**57.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A, B, C, D, E व F छः गाँव हैं । F, D के पश्चिम में 1 किमी. पर है । B, E के पूर्व में 1 किमी. पर है । A, E के उत्तर में 2 किमी. पर है । C, A के पूर्व में 1 किमी. पर है । D, A के दक्षिण में 1 किमी. पर है ।

कौन से तीन गाँव एक पंक्ति में हैं ?

(a) A, D, E (b) A, B, C (c) B, D, E (d) B, C, F

**58.** एक दुकानदार एक कमीज के वास्तविक मूल्य ₹ 975 को 20% बढ़ाकर लिखता है और फिर उस पर 12% की छूट देकर बेच देता है जबकि एक पैंट, जिसका वास्तविक मूल्य ₹ 1,200 है उस पर 10% का लाभ लेकर बेचता है । दुकानदार को दोनों पर कुल मिलाकर कितना लाभ हुआ ?

(a) ₹ 164.00 (b) ₹ 174.60 (c) ₹ 150.00 (d) ₹ 180.60

**59.** किसी शहर का मार्च महीने के प्रथम चार दिनों का औसत तापमान 27° सेंटीग्रेड था । इसके दूसरे, तीसरे, चौथे और पाँचवें दिनों का औसत तापमान 30° सेंटीग्रेड था । यदि प्रथम और पाँचवें दिनों के तापमानों का अनुपात 3:4 था तब दूसरे, तीसरे एवं चौथे दिनों का औसत तापमान (डिग्री सेंटीग्रेड में) निम्नलिखित था :

(a) 32 (b) 28 (c) 26 (d) 24

**60.** एक समाचार-पत्र अभिकर्ता समान संख्या में तीन भिन्न-भिन्न समाचार-पत्रों P, Q व R को 327 व्यक्तियों को बेचता है । 7 व्यक्ति Q व R लेते हैं, 9 P व Q लेते हैं, 12 P व R लेते हैं । 3 व्यक्ति तीनों समाचार-पत्र लेते हैं । कितने व्यक्ति निश्चित रूप से केवल एक प्रकार का समाचार-पत्र लेते हैं ?

(a) 109 (b) 262 (c) 280 (d) 302

**61.** व्यक्तियों के एक कैंप में 42 दिनों का भोजन उपलब्ध था । 10 दिन पश्चात 300 व्यक्ति कैंप में बढ़ गये जिस कारण भोजन केवल 24 दिन में समाप्त हो गया । मूलत: कैम्प में व्यक्तियों की संख्या क्या थी ?

(a) 100 (b) 375 (c) 900 (d) 500

**62.** 2020–21 में, भारत के बहुआयामी निर्धनता सूचकांक 2021 में उत्तराखण्ड राज्य का क्या रैंक था ?

(a) 3 (b) 5 (c) 15 (d) 26

**63.** The bulbs are usually filled with which gases ?

(a) Oxygen and Hydrogen (b) Nitrogen and Argon
(c) Helium and Hydrogen (d) Oxygen and Argon

**64.** Main constituent of fire-extinguishers is :

(a) Sodium hydrogen carbonate (b) Sodium hydrogen sulphate
(c) Sodium carbonate (d) Sodium sulphate

**65.** Marsh gas is commonly known as :

(a) Methane (b) Ammonia (c) Nitrogen oxide (d) Carbon monoxide

**66.** For the protection and improvement of environment "The Environment Protection Act" was passed in :

(a) 1982 (b) 1989 (c) 1983 (d) 1986

**67.** The device used to produce electric current is called :

(a) Galvanometer (b) Motor (c) Ammeter (d) Generator

**68.** Mangroves are :

(a) Salt tolerant (b) Sugar tolerant
(c) Cement tolerant (d) Nitrogen tolerant

**69.** The Biological Diversity Act was formed in :

(a) 2000 (b) 1998 (c) 2006 (d) 2002

**70.** Which of the following is a foreign breed of cow ?

(a) Red Sindhi (b) Sahiwal (c) Murrah (d) Jersey

**71.** Four (4) layers of TCP/IP reference model are :

(a) Application, Host to Host Transport, Internet and Network Access
(b) Transport, Control, Internet and Application
(c) Host, Service, Internet and Transport
(d) Application, Host, Service and Internet

**72.** _______ is a type of register that stores the address of next instruction to be executed by computer.

(a) Buffer Register (b) Program Counter
(c) Instruction Counter (d) Next Register

**73.** Which of the following memory is first referred by the CPU while searching for data/instruction ?

(a) Main memory (b) Cache memory (c) CDROM (d) Hard disk

**74.** When a computer is turned ON, the first action it performs is :

(a) POST (b) GHOST (c) HOST (d) HOTS

**75.** The levels of which Vitamins are kept high in the poultry feeds ?

(a) Vitamin A and Vitamin C (b) Vitamin A and Vitamin K
(c) Vitamin B and Vitamin C (d) Vitamin C

**63.** बल्ब में सामान्यत: कौन सी गैसें भरी जाती हैं ?

(a) ऑक्सीजन और हाइड्रोजन
(b) नाइट्रोजन और आर्गन
(c) हीलियम और हाइड्रोजन
(d) ऑक्सीजन और आर्गन

**64.** अग्निशामक का मुख्य घटक है :

(a) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट
(b) सोडियम हाइड्रोजन सल्फेट
(c) सोडियम कार्बोनेट
(d) सोडियम सल्फेट

**65.** सामान्यत: मार्श गैस को कहा जाता है :

(a) मीथेन (b) अमोनिया (c) नाइट्रोजन ऑक्साइड (d) कार्बन मोनोक्साइड

**66.** पर्यावरण के संरक्षण तथा सुधार हेतु "पर्यावरण संरक्षण अधिनियम" पारित किया गया :

(a) 1982 में (b) 1989 में (c) 1983 में (d) 1986 में

**67.** विद्युत धारा को उत्पन्न करने वाले यंत्र को कहते हैं :

(a) गैल्वैनोमीटर (b) मोटर (c) ऐमीटर (d) जेनेरेटर

**68.** मैंग्रोव होते हैं :

(a) नमक सहिष्णु (b) शर्करा सहिष्णु (c) सीमेंट सहिष्णु (d) नाइट्रोजन सहिष्णु

**69.** जैव विविधता अधिनियम बनाया गया :

(a) 2000 में (b) 1998 में (c) 2006 में (d) 2002 में

**70.** निम्न में से कौन, गाय की विदेशी नस्ल है ?

(a) लाल सिन्धी (b) साहीवाल (c) मुर्राह (d) जरसी

**71.** TCP/IP रेफरेन्स मॉडल की चार (4) परतें हैं :

(a) एप्लीकेशन, होस्ट टू होस्ट ट्रान्सपोर्ट, इन्टरनेट एवं नेटवर्क एक्सेस
(b) ट्रान्सपोर्ट, कन्ट्रोल, इन्टरनेट एवं एप्लीकेशन
(c) होस्ट, सर्विस, इन्टरनेट एवं ट्रान्सपोर्ट
(d) एप्लीकेशन, होस्ट, सर्विस एवं इन्टरनेट

**72.** _______ एक प्रकार का रजिस्टर है जो कंप्यूटर द्वारा निष्पादित की जाने वाली अगली इन्स्ट्रक्शन के पते को स्टोर करता है।

(a) बफर रजिस्टर (b) प्रोग्राम काउंटर (c) इन्स्ट्रक्शन काउंटर (d) नेक्स्ट रजिस्टर

**73.** डेटा/इन्स्ट्रक्शन की खोज करते समय निम्न में से कौन सी मेमोरी CPU द्वारा सबसे पहले रेफर की जाती है ?

(a) मेन मेमोरी (b) कैश मेमोरी (c) सी डी रोम (d) हार्ड डिस्क

**74.** जब कंप्यूटर ON किया जाता है तो सबसे पहले किस कार्य को संपन्न करता है ?

(a) POST (b) GHOST (c) HOST (d) HOTS

**75.** किन विटामिनों की मात्रा मुर्गियों के भोजन में अधिक रखी जाती है ?

(a) विटामिन ए और विटामिन सी
(b) विटामिन ए और विटामिन के
(c) विटामिन बी और विटामिन सी
(d) विटामिन सी

## खण्ड – 2
## सामान्य हिन्दी

**76.** इनमें से 'कृत्' प्रत्यय से बना शब्द है :

(a) कौरव (b) मिठास (c) होनहार (d) धनवान्

**77.** 'वासुदेव' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है :

(a) अ (b) एव (c) अव (d) इव

**78.** 'साँप मरे, न लाठी टूटे' – इस लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है :

(a) कोई कार्य न होना ।
(b) दोनों कार्य सम्पन्न हो जाना ।
(c) कपटपूर्ण व्यवहार करना ।
(d) बिना हानि के कार्यपूर्ति होना ।

**79.** इनमें से किस शब्द में "निर्" उपसर्ग प्रयुक्त नहीं हुआ है ?

(a) निराला (b) निरुत्साह (c) निरीह (d) निराहार

**80.** 'लोकतन्त्र' शब्द का विलोम शब्द है :

(a) 'गणतन्त्र' (b) 'राजतन्त्र' (c) 'प्रजातन्त्र' (d) 'जनतन्त्र'

**81.** इनमें से कौन सा व्यंजन द्विगुण है ?

(a) झ (b) फ (c) ढ़ (d) ष

**82.** 'काम करते रहना ही जीवन है; आलस्य तो मृत्यु है ।' – इस वाक्य के मध्य में प्रयुक्त विरामचिह्न है :

(a) अल्पविराम (b) योजक-चिह्न (c) अर्धविराम (d) उद्धरणचिह्न

**83.** 'दूल्हा' शब्द का तत्सम रूप है :

(a) दूलह (b) दुल्लह (c) दुर्वह (d) दुर्लभ

**84.** उच्चारण के आधार पर "व" किस प्रकार का व्यंजन है ?

(a) वर्त्स्य (b) दन्तोष्ठ्य (c) ओष्ठ्य (d) तालव्य

**85.** "आँखों में खून उतरना" – मुहावरे का उचित अर्थ है

(a) अत्यधिक क्रोध करना
(b) मोतियाबिन्द उतर आना
(c) आँखों में भयंकर जलन होना
(d) आँखों की बीमारी होना

**86.** 'शुनक' शब्द इनमें से किसका पर्यायवाची है ?

(a) कबूतर (b) कौआ (c) कुत्ता (d) गीदड़

**87.** 'उत्तराधिकार में मिली जायदाद' – इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) पितृआशीष (b) वंशदाम (c) पैत्रिक संपत्ति (d) रिक्थ

**88.** "वह जो न करे, सो थोडा" – वाक्य में प्रयुक्त 'जो' तथा 'सो' इनमें से किस सर्वनाम का भेद है ?

(a) पुरुषवाचक सर्वनाम (b) सम्बन्धवाचक सर्वनाम (c) निजवाचक सर्वनाम (d) निश्चयवाचक सर्वनाम

89. 'संन्यास' शब्द में उपसर्ग है :

(a) सम्  (b) सञ्  (c) सन्  (d) सं

90. इनमें से विलोम की दृष्टि से गलत शब्द-युग्म है :

(a) कृत्रिम – प्रकृत  (b) अनघ – सनघ  (c) औरस – जारज  (d) सन्धि – विग्रह

91. "हंसा थे सो उड़ि गए, कागा भए दिवान" – लोकोक्ति का अर्थ है :

(a) स्थिति बहुत अनिश्चित है ।

(b) एक से बढ़कर दूसरा ।

(c) भले लोगों के स्थान पर बुरे लोगों के हाथ में अधिकार ।

(d) बड़े आदमी पर कौन दोष लगाए ।

92. 'अमावस की अँधेरी रात' – इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(a) राका  (b) निशीथ  (c) रजनी  (d) कुहू

93. 'अजन्त' शब्द का सन्धि-विच्छेद है :

(a) अज + अन्त  (b) अच + अन्त  (c) अच् + अन्त  (d) अग् + अन्त

94. "राष्ट्र को हानि जयचन्दों से होती है" – वाक्य में "जयचन्दों" में कौन सी संज्ञा है ?

(a) जातिवाचक  (b) व्यक्तिवाचक  (c) भाववाचक  (d) द्रव्यवाचक

95. इनमें से तद्भव शब्द है :

(a) तरवारि  (b) मयंक  (c) कुक्कुर  (d) अवश्याय

96. 'दिसावर' शब्द का तत्सम रूप है :

(a) दिशान्तर  (b) दिगान्तर  (c) देशान्तर  (d) देसाबरण

97. इनमें से किस विकल्प (शब्द) में 'अनु' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(a) अनुदात्त  (b) अनुभाव  (c) अन्वीक्षण  (d) अनुभव

98. 'यज्ञवेदी' शब्द में समास है :

(a) अपादान तत्पुरुष  (b) सम्प्रदान तत्पुरुष  (c) सम्बन्ध तत्पुरुष  (d) करण तत्पुरुष

99. इनमें से किस शब्द का सन्धि-विच्छेद गलत है ?

(a) तृष्णा – तृष् + ना  (b) निर्गुण – नि: + गुण  (c) नाविक – नौ + इक  (d) यशोदा – यशो + दा

100. इनमें से 'भ्रमर' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है :

(a) मिलिन्द  (b) पारावत  (c) अलि  (d) द्विरेफ

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL